पर्यावरणविद् सुंदर लाल बहुगुणा से मुलाकात करते मानव भारती स्कूल के बच्चे व शिक्षक।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सर्च अभियान चलाकर तीन वारण्टी गिरफ्तार

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे विभिन्न मामलों के वांछितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में विकासनगर व कालसी पुलिस ने तीन वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में वारण्टों की तामील हेतु सर्च अभियान गतिमान है, जिसमें कोतवाली विकासनगर से वारण्टियों की गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी विकासनगर के निकट पर्यवेक्षण में विशेष सर्च अभियान चलाया गया।

### जरूरतें कम करो, पर्यावरण बच जाएगाः बहुगुणा

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून और पटना के बच्चों ने प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सुन्दर लाल बहुगुणा से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपसे मिलकर मैं युवा हो जाता हूं। आप मेरे लिए तरुणाई के झरने हो। बच्चों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने संदेश दिया कि पर्यावरण को बचाना है तो अपनी जरूरतों को कम करना होगा। बच्चों ने उनके साथ प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए गीत धन्यवाद है प्रभु तेरा... गाया।

### बरातियों का वाहन खाई में गिरा, एक की मौत, 12 गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता** देहरादून। विकासखंड बाराकोट में गल्लागांव के पास मैक्स वाहन के खाई में गिरने 12 लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मैक्स में सवार सब लोग बरात से वापस आ रहे थे। प्रशासन और पुलिस ग्रामीणों के साथ बचाव में राहत बचाव कार्य किया।

### आरटीओ टैक्स की फर्जी रसीदें काटने वाले गिरोह का भण्डाफोड़

**संवाददाता** देहरादून। आरटीओ की फर्जी बेवसाइट बनाकर फर्जी टैक्स की रसीदें काटकर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुचाने वाले गिरोह का भण्डाफोड करते हुए पुलिस 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फर्जी टैक्स रसीदें बनाने के उपकरण आदि बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एआरटीओ अरविन्द पाण्डेय के द्वारा जनपद में वाहनों की चैकिंग करने के दौरान पाया कि जनपद में कई वाहनों की टैक्स रसीदें फर्जी तरीके से बनी हैं।

### विधायक चैंपियन फिर समीति के सामने पेश नहीं हुए

**संवाददाता** देहरादून। विधायक देशराज कर्णवाल के साथ चल रहे विवाद के बाद बनी समिति के समक्ष भाजपा विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन आज पेश नहीं हुए। तीन बार मौका दिए जाने के बाद भी चैंपियन समिति के समक्ष पेश नहीं हुए। लेकिन देशराज कर्णवाल दूसरी बार समिति के समक्ष पेश हुए। कर्णवाल ने कहा कि चैंपियन की तरफ से जारी बयानबाजी की शिकायत लेकर वह समिति के समक्ष पेश हुए हैं। आज 11 बजे से जांच समिति चैंपियन का इंतजार करती रही। बताया गया कि समिति को चैंपियन ने न पहुंचने की जानकारी भी नहीं दी।

## क्या कांग्रेस को हाशिए पर ले जाने के जिम्मेदार है हरीश रावत ?

**गुटबाजी**

■ कांग्रेस के उत्तराखण्ड संगठन के पैरलर अपना संगठन चलाने का आरोप

**आरोपः** पार्टी सूत्रों के अनुसार वे संगठन के इतर प्रदेश भर में राजनीतिक गतिविधियों को अंजाम देते रहे। अगर हरीश रावत पार्टी संगठन का हालत देखते हुए सहारा बनने का प्रयास करते तो शायद कांग्रेस इस स्थिति में न पहुंचती, जिस हालत में अंर्तकलह ने उसे पहुंचा दिया है।

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर हमेशा कांग्रेस के उत्तराखण्ड संगठन के पैरलर अपना संगठन चलाने का आरोप हमेशा लगता रहा है। जब यशपाल आर्य उत्तराखण्ड कांग्रेस के अध्यक्ष थे उनके दौर में भी प्रदेश संगठन में हरीश रावत गुट अपनी अलग से साख बनाए हुए था। उसके बाद किशोर उपाध्याय और वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के समय में भी हरीश रावत पर संगठन से अलग चलने के आरोप लगते रहे है। जिसके चलते विचारणीय होने लगा है कि क्या उत्तराखण्ड कांग्रेस को हाशिए पर ले जाने के जिम्मेदार हरीश रावत हैं, या कुछ और राजनीतिक कारण भी जिसके चलते उत्तराखण्ड में कांग्रेस लगातार हाशिए पर पहुंचती जा रही है।

राज्य गठन के समय कांग्रेस आलाकमान ने हरीश रावत को उत्तराखण्ड की कमान सौंपते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद पर नवाजा था। उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद की बागडोर को संभाला। फलस्वरूप राज्य के पहले विधानसभा आमचुनाव में उत्तराखण्ड में कांग्रेस की सरकार आई किन्तु हरीश रावत की जगह पार्टी के शीर्ष नेता स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी को प्रदेश के मुखिया बना दिया गया। राजनीतिक हलकों में वहीं से शुरु हुई उत्तराखण्ड कांग्रेस में गुटबाजी की शुरूआत।

खुद कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि हरीश रावत सांसद का चुनाव लड़कर केन्द्र की राजनीति में पहुंचे। फिर भी उत्तराखण्ड कांग्रेस संगठन से उनका मोह समाप्त नहीं हुआ। उनका गुट कांग्रेस संगठन में अपनी अलग पहचान बनाए हुए रहा। जिसके चलते जो भी कांग्रेस प्रदेश संगठन का अध्यक्ष बना उसे मजबूरन हरीश रावत के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ा चाहे वो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय हों या फिर वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह।

# लोस चुनाव में उत्तराखण्ड में तीसरा विकल्प बना नोटा

**चुनावी लहर**

बीजेपी और कांग्रेस के बाद नोटा को ही सर्वाधिक वोट मिले | निर्दलीय व क्षेत्रीय दलों को नकारा

**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की। बीजेपी के बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस रही। उत्तराखंड में बीजेपी और कांग्रेस के बाद लोगों की तीसरी पसंद नोटा रहा। अल्मोड़ा और गढ़वाल लोकसभा सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बाद नोटा को ही सर्वाधिक वोट मिले हैं।

वहीं, हरिद्वार, नैनीताल और टिहरी गढ़वाल सीट में नोटा लोगों की चौथी पसंद रहा। पूरे प्रदेश में नोटा को कुल 50,946 वोट पड़े। अल्मोड़ा लोकसभा सीट में बीजेपी और कांग्रेस के बाद सबसे ज्यादा वोट किसी प्रत्याशी को नहीं, बल्कि नोटा को मिले। छह प्रत्याशियों वाले इस जिले के कुल वोटों में से 15505 वोट नोटा को मिले। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी नोटा तीसरे नंबर पर ही था। दरअसल, अल्मोड़ा के पांच गांवों में विकास नहीं होने के चलते लोगों ने चुनाव बहिष्कार किया था। बहिष्कार की वजह से कुछ वोट करने ही नहीं निकले तो कई ने नोटा का समर्थन किया। वहीं, 9 प्रत्याशियों वाली गढ़वाल लोकसभा सीट में भी बीजेपी–कांग्रेस के बाद नोटा को ही समर्थन मिला। यहां की जनता ने 12276 वोट नोटा को दिए। तीसरे नंबर पर रहे नोटा से ये साफ होता है कि पौड़ी के लोग किसी नेता के काम से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने नोटा का चुनाव किया। प्रदेश में कुल 2.05 प्रतिशत वोट नोटा को मिले। उत्तराखंड का एक मात्र क्षेत्रीय दल उक्रांद दिनों दिन उत्तराखंड में जनाधार खोता जा रहा है।

उक्रांद के प्रत्याशी अलग–अलग सीटों में तीन से पांच हजार से ज्यादा वोट अपने लिए नहीं जुटा पाये। टिहरी लोकसभा सीट में तो पार्टी के हाल और भी ज्यादा बुरे रहे, यहां उक्रांद की प्रत्याशी अनु पंत को महज 723 वोट मिले। वहीं, बसपा का हाल भी उत्तराखंड में कुछ ऐसा ही रहा।

### मनीष खंडूड़ी को पिता की विरासत का लाभ नहीं मिला

देहरादून। उत्तराखंड की सियासत के दिग्गज पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद भुवन चंद्र खंडूड़ी ने भले ही इस मर्तबा पौड़ी सीट से चुनाव न लड़ा हो, मगर यहां की सियासत उनके इर्द–गिर्द ही घूमती रही। पौड़ी की जंग में एक तरफ उनके शिष्य भाजपा प्रत्याशी तीरथ सिंह रावत और दूसरी तरफ उनके पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी मैदान में थे। हालांकि, इस विचित्र स्थिति के चलते जनरल खंडूड़ी तटस्थ बने रहे। पहली बार लोकसभा की चुनावी जंग में तीरथ सिंह रावत ने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर जनरल खंडूड़ी की विरासत हासिल करने में सफलता पाई। सियासत में मनीष खंडूड़ी को पिता की विरासत का लाभ नहीं मिल पाया और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा।



### पोस्टल बैलेट के वोटों में भी भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी लोकसभा सीट पर पोस्टल बैलेट के वोटों में भी भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी। कांग्रेस को रिजेक्ट हुए 3114 पोस्टल बैलेट से भी कम 2576 और भाजपा को 9213 पोस्टल वोट मिले हैं। जबकि 121 ने नोटा का प्रयोग करते हुए किसी भी प्रत्याशी को वोट नहीं दिया है। टिहरी लोकसभा सीट के लिए ईटीपीबीएस से भेजे गए डाक मतपत्रों की गणना देहरादून में हुई। 15 हजार 377 पोस्टल बैलेट मतगणना से एक दिन पहले तक प्राप्त हुए।

बीती रात 10 बजे तक ईटीपीबीएस से आए पोस्टल बैलेट की गिनती हुई। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी को 2576 और भाजपा को 9213 वोट मिले हैं। तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी गोपालमणी को 146 तो सत्यपाल को 84 वोट पड़े। सबसे कम निर्दलीय प्रत्याशी संजय गोयल को सिर्फ एक वोट मिला। जबकि अनु पंत को 15, राजेंद्र पुरोहित को 21, गौतम बिष्ट को 15, जय प्रकाश उपाध्याय को 11, संजय कुंडलिया को आठ, दौलत कुंवर को 25, बृजभूषण को नौ, बीडी झा को दो, मधु शाह को 13, सरदार खान को तीन वोट पड़े। हालांकि मिस प्रिंट के चलते 3114 पोस्टल बैलेट रद किए गए।

### आमसभा 26 मई को

**संवाददाता** देहरादून। सनातन धर्म इण्टर कालेज बन्नू की विद्यालय प्रबन्ध समिति की आमसभा का आयोजन 26 को 11 बजे से विद्यालय के सभागार में किया जायेगा।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।